महाकाल मंदिर के नाम पर ऑनलाइन ठगी का जाल, फर्जी वेबसाइट से मचा बवाल

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से वसूली, पूजा के नाम पर हजारों श्रद्धालुओं से ठगी, मंदिर प्रशासन की चेतावनी-केवल अधिकृत वेबसाइट से ही करें बुकिंग

उज्जैन। महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व की आड़ में फर्जी वेबसाइट द्वारा धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। बाबा महाकाल की नगरी में एक ओर जहां लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की तैयारियां चरम पर हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ भ्रामक वेबसाइटों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा। महाकाल मंदिर के नाम पर दर्शन, अभिषेक, जल अर्पण और विशेष पूजन कराने के नाम पर ऑनलाइन ठगी की जा रही है।

नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार *श्री मंदिर* नाम से इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक और यूट्यूब पर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। इन प्लेटफॉर्मों पर श्रद्धालुओं को यह कहा जा रहा है कि वे भगवान महाकाल को पाँच विशेष वस्तुएं अर्पित कर सकते हैं, जल चढ़ा सकते हैं तथा विशेष पूजा करवा सकते हैं।

के माध्यम से ही की जा सकती है। इसके अतिरिक्त किसी भी वेबसाइट, इंस्टाग्राम पेज या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को अधिकृत नहीं किया गया है।यदि किसी श्रद्धालु को इस प्रकार की भ्रामक जानकारी मिलती है तो वे तुरंत पुलिस या महाकाल मंदिर प्रबंध समिति को सूचित करें। महाशिवरात्रि





के अवसर पर उज्जैन में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। शहर में व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था बनाई गई है, यातायात के विशेष रूट प्लान तैयार किए गए हैं। होटल, धर्मशाला और होमस्टे लगभग पूर्ण रूप से बुक हो चुके हैं।धार्मिक पर्यटन के बढ़ते प्रभाव से उज्जैन की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मंदिर से जुड़े छोटे-छोटे व्यवसायों को भी बड़ा लाभ मिल रहा है।

नाड़ा बांधने वाले, तिलक लगाने वाले, फूल-पत्ती बेचने वाले, प्रसाद विक्रेता, रुद्राक्ष माला बेचने वाले, ई-रिक्शा चालक, ऑटो और मैजिक वाहन चालक—सभी की आय में वृद्धि हो रही है। महाकाल की कृपा से हजारों परिवारों की आजीविका मजबूत हो रही है। ऐसे पावन अवसर पर प्रशासन और मंदिर समिति की प्राथमिकता यह है कि श्रद्धालुओं को सुलभ, सुरक्षित और पारदर्शी व्यवस्था मिले। इसलिए आवश्यक है कि सभी भक्त अधिकृत माध्यमों से ही जानकारी प्राप्त करें और किसी भी प्रकार की फर्जी वेबसाइट या सोशल मीडिया प्रचार से दूर रहें।

नवभारत से चर्चा में महाकाल मंदिर प्रसाद का प्रथम कौशिक ने बताया कि ऐसी फर्जी वेबसाइट की शिकायत मिली है, हमने भी इसका अवलोकन कराया है और यदि सोशल मीडिया पर लगातार इस प्रकार की भ्रामक जानकारी प्रसारित होती रही और श्रद्धालुओं के साथ ठगी होती रही तो शिकायत मिलने पर ऐसी फर्जी वेबसाइट और सोशल मीडिया द्वारा श्रद्धालुओं के साथ धोखाधड़ी के मामले में पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई जाएगी और कड़ी कार्रवाई

अनाधिकृत राशि वसूल रहे-पूजन का वीडियो व्हाट्सएप पर

पूजन पाठ और जल चढ़ाने के नाम पर बदले में 1000 से 1100 रुपये तक की राशि ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से ली जा रही है। कई मामलों में 75 रुपये बताकर अधिक राशि वसूलने की शिकायत भी सामने आई है। जबकि महाकाल मंदिर के पंडित, पुजारी, पुरोहितों द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया जाता, मंदिर के सथ पंडितों की छवि भी ऐसी फर्जी वेबसाइट खराब कर रही है। श्रद्धालुओं को यह भी आश्वासन दिया जा रहा है कि पूजन एवं जल अर्पण का वीडियो व्हाट्सएप पर भेज दिया जाएगा। इस प्रकार धार्मिक भावनाओं को प्रभावित कर हजारों लोगों को सोशल मीडिया से जोड़ते हुए उनसे राशि ली जा रही है। यह सीधे तौर पर धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है औतो श्रद्धालुओं की आस्था के साथ छल है। मंदिर समिति के अनुसार इससे पहले भी कई बार इस प्रकार की फर्जी वेबसाइटों और सोशल मीडिया पेजों का खुलासा हुआ है। संबंधित मामलों में थाने में एफआईआर के लिए आवेदन भी दिए गए हैं और कार्रवाई की गई है। इसके बावजूद फिर से ऐसे तत्व सक्रिय हो गए हैं।

मंदिर समिति ने कहा बहकावे में ना आए

मामले में मंदिर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मंदिर प्रबंध समिति द्वारा किसी भी निजी ऑनलाइन वेबसाइट या पोर्टल के साथ दर्शन, अभिषेक अथवा पूजन संबंधी कोई भी एमओयू या अधिकृत अनुबंध नहीं किया गया है। मंदिर प्रशासन ने कहा है कि किसी भी अनधिकृत या फर्जी वेबसाइट को मंदिर परिसर में पूजन, अभिषेक या अन्य धार्मिक सेवाएं संचालित करने की अनुमति प्रदान नहीं की गई है। यदि कोई व्यक्ति या संस्था इस प्रकार की धोखाधड़ी करते हुए श्रद्धालुओं से अनाधिकृत रूप से राशि लेती है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी भ्रामक, अनाधिकृत या संदिग्ध ऑनलाइन लिंक के माध्यम से लेन-देन करने से बचें। इस प्रकार का लेन-देन धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है। यह है ऑनलाइन बुकिंग केवल मंदिर की अधिकृत वेबसाइट https://www.shrimahakaleshwar.mp.gov.in/

एक नजर में

महापौर ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

उज्जैन। आज रविवार को महाशिवरात्रि पर्व संपूर्ण शहर में धूमधाम से मनाया जाएगा। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग बाबा महाकालेश्वर मंदिर पर बाबा के दर्शन हेतु लाखों की तादाद में श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने हेतु मंदिर पधारेंगे। इस हेतु नगर निगम द्वारा मंदिर क्षेत्र में आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। उक्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा एमआईसी सदस्यों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। महाशिवरात्रि पर्व व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा संपूर्ण मंदिर परिक्षेत्र एवं जहां से श्रद्धालु कतार में लगेंगे वहां पर नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम), विशेष सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, पानी के टैंकर की व्यवस्था, चलित शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, साथ ही नियंत्रण कक्ष पर अधिकारी एवं कर्मचारियों की शिफ्ट अनुसार ड्यूटी लगाई गई है जो श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु उपलब्ध रहेंगे। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण चौहान, कैलाश प्रजापत, उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त प्रवीण मुकाती, स्वास्थ्य अधिकारी कालूराम सोलंकी, प्रकाश विभाग के अधिकारी जितेंद्र पाल सिंह जादौन, सहायक यंत्री दीपक शर्मा उपस्थित रहे।

वीर जवानों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

उज्जैन। पुलवामा आतंकी हमले की छठी बरसी पर शुक्रवार को देश के वीर सपूतों को नम आंखों से याद किया गया। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 14 फरवरी 2019 को हुए कायराना हमले में शहीद हुए 40 जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि आज का दिन भारत के इतिहास में एक काला दिन है, जब देश ने अपने 40 महान सपूतों को खो दिया था। श्रद्धांजलि सभा के दौरान शहर के प्रसिद्ध गायक डॉ. तेज कुमार मालवीय ने देशभक्ति गीत कर चले हम फिदा जान-ओ-तन साथियों, अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों प्रस्तुत किया। उनके स्वर और गीत के भावों ने वहां मौजूद सभी लोगों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात शहीद स्मारक पर जवानों के चित्रों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सादिक मंसूरी, हाजी इकबाल हुसैन, चेतन ठक्कर, शरीफ खान, शाकिर खान, रणजीत सिंह, अनुदीप गंगवार, कपिल भारद्वाज और इकबाल उस्मानी उपस्थित थे। जानकारी इरफान राइन और सैयद आशिक अली ने दी।

कैंसर : समय पर पहचान से संभव है इलाज

उज्जैन। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध सीआर गार्डी हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस की पूर्व संध्या पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष 15 फरवरी को मनाए जाने वाले इस दिवस का उद्देश्य बच्चों में बढ़ रहे कैंसर के प्रति समाज को जागरूक करना और पीड़ित परिवारों के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश चितलकर, डॉ. प्रियेश दुबे, डॉ. सौरभ करनावट और मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. एसपी मुखिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चों में कैंसर के लक्षण, पहचान और समय पर इलाज से कैसे जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने कैंसर सरवाइवर्स और उनके परिवारों के संघर्ष और साहस पर भी प्रकाश डाला। इस जागरूकता वार्ता में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और स्वास्थ्य विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर कार्यक्रम का लाभ उठाया।

स्व. भारद्वाज की स्मृति में योग प्रदर्शन

उज्जैन। अच्युतानंद प्रासादिक जीवाजीराव व्यायामशाला भागसीपुरा के संचालक एवं जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व पार्षद महादेव प्रसाद भारद्वाज की पुण्यतिथि के अवसर पर संस्था के बालक बालिकाओं ने योगासन का प्रदर्शन किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशा पवार जूड़ो प्रशिक्षक एवं यशवंत गुमास्ते जिमनास्टिक एवं योगासन प्रशिक्षक एवम अध्यक्षता गोपाल व्यास राष्ट्रीय कबड्डी कोच ने की। इस अवसर पर रेखा खींची, मनीष पवार, कशिश खींची, अलका भारद्वाज, कु. प्रीति, वेदांश, रियांश आदि उपस्थित थे। संचालन अजय विपट ने किया। आभार विनोद चौरसिया ने माना।

परिवार लौटा तो टूटा मिला मकान का ताला

अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी में चोरी की वारदात

उज्जैन। शादी में शामिल होने गया परिवार शनिवार को वापस लौटा दो मकान का ताला टूटा हुआ था। घर में समान अस्त व्यस्त पड़ा था। परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के कनीपुरा मार्ग पर अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी में सुरेश पवार का मकान बना हुआ है। शुक्रवार को परिवार शादी में शामिल होने के लिए राजस्थान गया था, शनिवार दोपहर वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा मिला। रात में बदमाशों में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई लेकिन महाशिवरात्रि की ड्यूटी होने पर पुलिस जांच के लिए मौके पर नहीं पहुंच पाई। सूचना पर पुलिस ने परिवार को खाने जाकर शिकायत दर्ज करने के लिए कहा। पवार परिवार का पुत्र सुमित चिमनगंज थाने पहुंचा और मामले की शिकायत दर्ज कराई। बदमाश आभूषणों के साथ 45 हजार रुपए चुरा कर ले गए हैं। महाशिवरात्रि की ड्यूटी खत्म होने के बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटेगी। शहर में चोरी की वारदातों का सिलसिला शुरू हो चुका है। कुछ दिन पहले ही महानंदा नगर और बसंत विहार कॉलोनी में चोरी की बड़ी वारदात हुई थी। उसे दौरान कैमरे के फुटेज देखे गए थे। जिसमें दो बदमाशों के साथ एक युवती एक्टिवा पर सवार होकर मकान के ताले तोड़ते दिखाई दी थी। तीनों का अब तक कुछ पता नहीं चल पाया है।

चेकिंग अभियान में मिले 40 संदिग्ध, थानों में पूछताछ

उज्जैन। महाशिवरात्रि पर देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से अलर्ट हो चुकी है। शहर में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में 40 संदिग्धों को पकड़ा गया, जिनसे संबंधित थानों में पूछताछ की जा रही है। रविवार-सोमवार को महाकाल के दरबार में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। इससे पहले देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए शहर में पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया जा रहा है और बीडीडीएस के साथ क्राइम ब्रांच, साइबर टीम संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चला रही है। महाकालेश्वर मंदिर के आसपास के क्षेत्र, देवासगेट बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नानाखेड़ा बस स्टैंड के साथ पारदी डेरों सहित संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान 40 से अधिक संदिग्ध लोगों को पकड़ा गया और उन्हें पूछताछ के लिए संबंधित स्थान पर भेजा गया। सार्वजनिक स्थानों पर हुई चैकिंग के साथ ही पुलिस की टीम द्वारा होटल, ढाबो और दुकानों पर भी सर्चिंग की गई। होटल धर्मशाला और लाज संचालकों को हिदायत दी गई की बिना दस्तावेज किसी को भी रूम उपलब्ध न कराया जाए। संदिग्ध व्यक्ति के दिखाई देने पर तत्काल संबंधित थाना पुलिस को सूचना दी जाए। संयुक्त रूप से पुलिस टीम द्वारा की जा रही चैकिंग के दौरान विस्फोटक सामग्री की भी जांच पड़ताल की जा रही है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए महाकाल मंदिर क्षेत्र में 1500 पुलिस कर्मियों की तैनाती की जा रही है, पांच ड्रोन के माध्यम से भीड़ नियंत्रण और बदमाशों पर नजर भी रखी जाएगी। जिले में त्योहारों को देखते हुए शांति भंग करने वाले और सौहार्द बिगड़ने वालों की भी धरपकड़ का अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा भी पुलिस द्वारा प्रमुख चौराहों पर वाहन की तलाशी ली जा रही है।

खेतों पर चोरों का धावा

चोरी की एक वारदात नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के निनोरा में होना सामने आएंगे। रात में चोरों की गैंग क्षेत्र के खेतों में पहुंची थी जहां से उन्होंने पानी की मोटर और उसमें लगी केबल चोरी करना शुरू किया। चोरों ने करीब 18 किसानों के खेतों में वारदात की और भाग निकले। शनिवार सुबह चोरी का पता चलते ही किसान आक्रोशित हो गए और नानाखेड़ा थाना पहुंचकर शिकायत की। पुलिस मनोरा पहुंची और खेतों में जांच शुरू की आसपास कहीं भी कैमरे नहीं लगे थे। जिसके चलते बदमाशों का पता नहीं चल पाया फिलहाल किसानों से शिकायती आवेदन लिया गया है।

सोलर प्लांट की केबल चोरी में फरार आरोपी गिरफ्तार

उज्जैन। सोलर प्लांट में लगी कॉपर केबल चोरी मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीनों के साथी को 13 दिन पहले पुलिस ने ग्राहक बनकर पकड़ा था। चारों ने प्लांट में मजदूरी के दौरान चोरी को अंजाम दिया था। माकड़ोन थाना प्रभारी अरिजीत सिंह राजपूत ने बताया कि जनवरी माह में ग्राम कड़ोदिया पहाड़ी पर बने सोलर प्लांट की 1200 मीटर कॉपर केबल चोरी होने का मामला सामने आया था। कुछ दिनों की तलाश के बाद 1 फरवरी को पुलिस ने ग्राहक बनकर चोरी में शामिल एक आरोपी अमीन पिता फकीर मोहम्मद निवासी कड़ोदिया को गिरफ्तार कर लिया था। उसने अपने तीन साथियों के साथ चोरी करना कबूल किया था। पुलिस ने रिमांड लेकर 49 हजार की केबल बरामद कर ली थी। उसके तीन साथी फरार चल रहे थे जिनकी तलाश जारी थी। शुक्रवार को सूचना प्राप्त हुई कि पैतीसा डेम क्षेत्र के पास फरार तीन आरोपी घूम रहे हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना की गई। घेराबंदी कर तीनों को पकड़ा गया। जिनके नाम बलवंत पिता केसरसिंह राजपूत 25 वर्ष, देवेन्द्र पिता विक्रमसिंह राजपूत और समीर पिता नबी खां 20 वर्ष, निवासी बागरी मोहल्ला कड़ोदिया है। तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। चारों ने सोलर प्लांट से केवल चोरी करने के बाद पैतीसा डैम के समीप ही छुपाई थी।

पोहा फैक्ट्री के सेल्समैन ने किया 46 लाख रुपए का गबन

उज्जैन। पोहा फैक्ट्री में काम करने वाले सेल्समैन ने 3 साल में 46 लाख की हेरा फेरी कर दी संचालक को पता चला तो पहले रुपए लौटाने का आश्वासन दिया बाद में काम छोड़कर लापता हो गया। संचालक की शिकायत पर पुलिस ने गबन का प्रकरण दर्ज किया है। मक्सीरोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित समकित इंडस्ट्रीज पोहा, परमल और अनाज का व्यापार करती है। इसके संचालक रेणु जैन और श्रेयस जैन है। निजातपुरा नजरअली रोड निवासी रेणु जैन ने वर्ष 2022 में मूलत: मक्सी के पास के दोता गांव के रहने वाले गिरीश शर्मा पिता भारत शर्मा को इंडस्ट्रीज में सेल्समैन रखा था। गिरीश नागझिरी थाना क्षेत्र की मंगल सिटी में रहता है। उसके जिम्मे आसपास के इलाकों में माल की सप्लाई और कैश कलेक्शन का जिम्मा था। इंडस्ट्रीज की सप्लाई उज्जैन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ आगर-मालवा और शाजापुर में की जाती थी। वर्ष 2022 से 2025 तक सेल्समेन गिरीश ने 46 लाख का माल सप्लाई किया। लेकिन कलेक्शन राशि इंडस्ट्रीज में जमा नहीं कराई। संचालक श्रेयश जैन रुपए जमा करने को कहा तो उसने आश्वासन देना शुरू कर दिया। कुछ माह पहले वह काम छोड़कर लापता हो गया। संचालक द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई पुलिस ने जांच के बाद सेल्समैन के खिलाफ गबन और धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। अब उसकी तलाश की जा रही है।

अलखधाम आश्रम में महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक, संत समागम एवं दीक्षादान समारोह 15 से

उज्जैन। अलख मेहर धाम उदासीन आश्रम सनातन मंदिर शिवाजी पार्क में महाशिवरात्रि पर महंत स्वामी आत्मादास उदासीन के सान्निध्य में रुद्राभिषेक, संतसमागम एवं दीक्षादान समारोह का चतुर्दिवसीय आयोजन 15 से 18 फरवरी तक होगा। आश्रम के प्रवक्ता डॉ. संजीव कुमार तिवारी ने बताया कि शिवरात्रि पर महंत बाबा अलखराम जी की जयंती उत्सव, रुद्राभिषेक-हवन-पूजन के साथ समारोह का शुभारंभ होगा। द्वितीय दिवस ब्रह्मचारी दिलीप को दीक्षादान, संत समागम व आचार्य श्रीचंद्र रचित सिद्धांतसागर का पाठ प्रारम्भ होगा। विजयमोहन शास्त्री, गुरुमुखदास साधराम के प्रवचन प्रतिदिन प्रात: एवं सायंकाल होंगे। आयोजन में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम भीलवाड़ा, स्वामी आसनदास उल्हासनगर आदि संत-विद्वानों के धर्मोपदेश होंगे। तृतीय दिवस महंत बस्तीराम जी की जयंती उत्सव व ब्रह्मभोज होगा। चतुर्थ दिवस महंत बाबा बालकराम जी की जयंती, बहिराणा साहेब, सिद्धांतसागर पाठ एवं श्रद्धालुओं-संगत का भंडारा रहेगा। नित्यनियम के साथ दैनिक सत्संग-आरती कीर्तन होंगे। आश्रम के संत अमोलकदास, अमरदास, रामदास, शुकदेवमुनि ने धर्मप्रेमी जनों से इस समारोह में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

26 वर्षों के पश्चात दीक्षादान उत्सव होगा

दीक्षादान-आश्रम के ब्रह्मचारी को महंत द्वारा विधिवत शिष्य बनाने के लिये दीक्षादान किया जाता है। 26 वर्षों पश्चात अलखधाम में दीक्षादान उत्सव होगा, जिसमें ब्रह्मचारी दिलीप-हरीशकुमार जयपुर से 1996 में 6 वर्ष की आयु में अलखधाम आए थे। यहां रहकर उन्होंने विद्यालयीन एवं धार्मिक शिक्षा प्राप्त की। सम्पूर्ण जीवन सनातनधर्म की सेवा में समर्पित करने का दृढ़ निश्चय करने के उपरांत महंत स्वामी आत्मादास उदासीन द्वारा दीक्षादान कर नवीन नामकरण किया जायेगा।

पर्वतारोही और एथलीट मालवीय का सम्मान

उज्जैन। शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में नारी शक्ति की प्रतीक, सोशल साइकिलिस्ट, पर्वतारोही और एथलीट आशा मालवीय का सम्मान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके अदम्य साहस की सराहना की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्तर की सोलो साइकिलिस्ट आशा मालवीय ने कहा कि जीवन में कई बाधाएं होने के बावजूद उन्होंने हमेशा अपने सपने और मंजिल को देखा। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जिन्हें मंजिल दिखाई देती है, उन्हें बाधाएं नजर नहीं आतीं। आशा ने बताया कि बहुत कम उम्र में ही उन्होंने तय कर लिया था कि उन्हें देश के लिए कुछ करना है और वे उसी यात्रा पर निरंतर चल रही हैं। पश्चिम से पूर्व तक भारत को नापने का संकल्प लेकर निकलीं आशा राजस्थान और गुजरात होते हुए मध्यप्रदेश पहुंची हैं। इस अवसर पर प्रो. शशि जोशी, अंकित गांधी, प्रियंका कटारिया, आशु शर्मा आदि ने भी उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

युवा अपने सपनों को पहचानें और आत्मविश्वास से आगे बढ़ें : आशा मालवीय

उज्जैन। देश में महिलाओं के सशक्तिकरण और जागरूकता का संदेश देने के लिए लंबी साइकिल यात्रा पर निकलीं सोलो साइकिलिस्ट आशा मालवीय शनिवार को उज्जैन पहुंचीं। यहां सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय की कंप्यूटर साइंस अध्ययनशाला में उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. कल्पना सेंगर, डॉ. बुनकर, डॉ. जीवन सिंह सोलंकी, डॉ. लोकेश लढाणी, डॉ. देशवाली और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। साथ ही सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल के अध्यक्ष उत्कर्ष सिंह सेंगर और सदस्य तुषार पिल्लेवार ने आशा मालवीय का स्वागत कर उनका उत्साह बढ़ाया।

जागरूकता का माध्यम भी

आशा मालवीय भारत के पश्चिम से पूर्व तक की लंबी यात्रा कर रही हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल शारीरिक शक्ति की परीक्षा नहीं है, बल्कि महिलाओं को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं, विशेषकर लड़कियों को संदेश देते हुए कहा कि उनकी इस यात्रा की सबसे बड़ी प्रेरणा यही है कि युवा अपने सपनों को पहचानें और उन्हें पूरा करने के लिए पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

छह दिवसीय वन मेला श्री महाकाल वन मेला में बंदियों द्वारा निर्मित उत्पादों को पसंद कर रहे है लोग

बंदियों ने पीपल के पत्ते को सुखाकर उस पर देवी-देवता और महापुरुषों के चित्र उकेरे

नवभारत न्यूज

उज्जैन। दशहरा मैदान पर वन विभाग द्वारा आयोजित 6 दिवसीय वन मेले में अकाष्ठीय वनोपज, ग्रामीण आजीविका, हर्बल उद्यमिता, संरक्षण, प्रसंस्करण और विपणन के स्टॉल के साथ ही केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के बंदियों द्वारा निर्मित सामग्रियों को मेले में आने वाले लोग पसंद कर रहे है। विभिन्न उत्पादों के माध्यम से जेल के बंदी अब आत्मनिर्भर बन रहे है।

वन विभाग द्वारा आयोजित 06 दिवसीय महाकाल वन मेले में 250 भव्य, आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं। मेला परिसर में केंद्रीय जेल भैरवगढ़ का स्टॉल भी लगा है। केंद्रीय जेल

भैरवगढ़ के सहायक जेलर सुरेश गोयल ने बताया कि जेल में बंदी कलाकारों द्वारा बनाई गई पीपल के पत्ते पर चित्रकला को लोगों द्वारा पसंद किया जा रहा है। पीपल के पत्ते को सुखाकर उस पर देवी-देवता और महापुरुषों के चित्र उकेरे जाते हैं। पीपल के पत्ते पर निर्मित आकर्षक चित्रकारी फ्रेमिंग सहित 350 रुपए में उपलब्ध होती है। गोयल ने बताया कि चित्रकारी का काम करीब 20 बंदियों द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा एलइडी बल्ब, विभिन्न मसाले, दरी, बेडशीट, आसन, बटिक प्रिंट और मूर्तियां बनाकर मेले और अन्य अवसरों पर विक्रय किया जाता है। जिससे जेल में बंदी भी आत्मनिर्भर हो रहे है।

मेले में आने वाले आगंतुक आयुर्वेदिक औषधीय पौधों के माध्यम से उनके गुण धर्म के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मनीषा पाठक ने बताया कि ओपीडी क्षेत्र में आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद चिकित्सकों के द्वारा चिकित्सकीय परामर्श के साथ नि:शुल्क औषधियों का वितरण किया जा रहा है। साथ ही मेले में आने वाले रोगी त्वचा रोगों, गर्दन दर्द, कमर दर्द, घुटने दर्द, आदि में विद्ध, अग्नि कर्म आयुर्वेद की परंपरागत चिकित्सा पद्धति के द्वारा लाभ उठा रहे हैं। यह मेला समृद्ध-वन, खुशहाल-जन की संकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करते हुए वन और जन के मध्य सशक्त सहभागिता का सेतु बना हुआ है।

वन मेले में आयुष विभाग द्वारा नि :शुल्क परामर्श और उपचार की सुविधा

महाकाल वन मेला- 2026 के अंतर्गत जिला आयुष विभाग के माध्यम से मेले में 50 स्टॉल लगाकर नि :शुल्क परामर्श के साथ ही आयुर्वेदिक औषधियां दी जा रही है। विभाग के आयुर्वेदिक चिकित्सकों और स्टाफ के सदस्यों द्वारा 02 शिफ्ट में कार्य कर मेले में आने वाले रोगियों का उपचार किया जा रहा है। महाकाल वन मेला में जिला आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन के द्वारा आयुर्वेद अमृतानाम की अवधारणा को जीवंत करते हुए प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसमें दिनचर्या, ऋतुचर्या, अन्न जैसे सावा कोदो, कुटकी, रागी (मोटे अनाज और उनके उपयोग) की जानकारी, विरुद्ध आहार सिद्धांत और विरुद्ध आहार के सेवन से होने वाले रोग, मधुमेह प्रबंधन के सरल कदम, मानसिक रोगों के प्रबंधन में ध्यान एवं योग की भूमिका, योग ब्रेक मुख्य रूप से ऑफिस जाने वाले कर्मचारी कामकाजी पेशेवरों और डेस्क जॉब करने वालों बारे में जानकारी दी गई है।